शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति(Nature of Educational Psychology)

पील की परिभाषा में कहा गया है कि शिक्षा मनोविज्ञान, शिक्षा का विज्ञान (Science of Education) है। अत: शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति और कुछ न होकर, वैज्ञानिक (Scientific) है। चूंकि मनोविज्ञान, एक व्यावहारिक विज्ञान है (Behavioural Science) है और इसकी प्रकृति वैज्ञानिक है। शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक शाखा है, इसलिए इसकी प्रकृति भी मनोविज्ञान की तरह ही वैज्ञानिक होगी। अतः शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक है। शिक्षा मनोविज्ञान अपनी खोजों के लिए वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग करता है तथा उनसे प्राप्त होने वाले निष्कर्षो के आधार पर शिक्षा की समस्याओं का समाधान करत है और छात्रों की उपलब्धियों के सम्बन्ध में भविष्यवाणी करता है।

क्रो एवं क्रो के अनुसार, "शिक्षा मनोविज्ञान को व्यावहारिक विज्ञान माना जा सकता है क्योंकि यह मानव व्यवहार के सम्बन्ध में वैज्ञानिक विधि से निश्चित गिए गए सिद्धान्तों और तथ्यों के अनुसार सीखने की व्याख्या करने का प्रयास करता है।"